**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**
**अप्रैल 2021 माह का सारांश**

**माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार हैं:**

**1.1. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पर क्षेत्रीय कार्यशाला 3.0:** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) पर पहली क्षेत्रीय कार्यशाला सिक्किम के गंगटोक में आयोजित की गई। सिक्किम के गंगटोक में 8 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई यह अपनी तरह की पहली क्षेत्रीय कार्यशाला थी। यह कार्यशाला सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा जैसे सभी आठ राज्यों में राज्य कौशल विकास मिशनों (एसएसडीएमएस) और जिला कौशल समितियों (डीएससी) के प्रमुख कर्मियों की सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित की गई थी। दिन भर चली इस कार्यशाला के दौरान संपूर्ण कौशल इकोसिस्टम पर व्यापक चर्चा हुई। स्कीम के अगले चरण यानी पीएमकेवीवाई 4.0 की रणनीति पर भी राज्यों से सुझाव मांगे गए थे।

**2. पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत प्रशिक्षण शुरू करने की अंतिम तारीख को बढ़ाना:** कुछ राज्यों में कोविड-19 लॉकडाउन और आदर्श आचार संहिता पुन: लागू किए जाने के कारण पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत प्रशिक्षण शुरू करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध करते हुए एमएसडीई को कई राज्यों से पत्र प्राप्त हुए थे। विभिन्न राज्यों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, और देश भर में मौजूदा महामारी की स्थिति को देखते हुए, पीएमकेवीवाई 3.0 के राज्य घटक (सीएसएसएम) के तहत प्रशिक्षण शुरू करने की अंतिम तारीख 31.03.2021 को बढ़ाकर 30.04.2021 कर दिया गया है।

3. **"शिक्षुता अधिनियम, 1961 में संशोधन" संबंधी अवधारणा नोट** को अंतिम रूप दे दिया गया है और इसे आम लोगों और हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित करने के लिए एमएसडीई और MyGov.in पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। टिप्पणियां प्राप्त होने की अंतिम तारीख 10 मई, 2021 है।

4. **आकांक्षी जिले:** कौशल विकास से संबंधित परियोजनाओं को शुरू करने में आकांक्षी जिलों को प्रोत्साहित करने के लिए, देश के आकांक्षी जिलों से अनुरोध किया गया है कि वे एमएसडीई को प्रति जिले अधिकतम 2 करोड़ रुपए के बजट के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिसे संकल्प के राष्ट्रीय घटक के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।

5. **अंतर्राष्ट्रीय प्रवास**: अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता और श्रमिकों के प्रवास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए टीआईएसएस-एसवीई के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। एमएसडीई द्वारा 'भारत विश्व का कौशल्य गुरु' पर एक प्रस्तुति भी दी गई थी। साथ ही, जापान के साथ हस्ताक्षरित निर्दिष्ट कुशल

कामगार समझौते को लागू करने के लिए संयुक्त राज्य स्तरीय बैठक 19 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई थी।

6. **भारतीय कौशल संस्थान**: भारतीय कौशल संस्थान की स्थापना पर अंतर-मंत्रालयी अधिकारप्राप्त समिति की छठी बैठक 1 अप्रैल 2021 को एमएसडीई के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस बैठक में आईआईएस कानपुर के आरआरपी और आईआईएस, अहमदाबाद, गांधीनगर के प्रचालन करार और डीपीआर को अंतिम रूप दिया गया।

7. **अनुसंधान प्रभाग का सृजन**: अन्य बातों के साथ-साथ नीति निर्धारण और हस्तक्षेप के लिए वास्तविक समय डेटा/सूचना तैयार करने, योजना, नीति निर्माण और प्रशासनिक निर्णय लेने के लिए प्रासंगिक डेटा का डेटाबेस और सांख्यिकीय विश्लेषण तैयार करने; कौशल संबंधी आँकड़ों पर राष्ट्रीय डेटा बेस का एकीकरण करने और कौशल पहलों को संरेखित करने के लिए देश में सभी क्षेत्रों में कौशल अंतराल और वृद्धिशील आवश्यकता का अध्ययन करने के लिए मंत्रालय में 5 अप्रैल, 2021 के कार्यालय आदेश द्वारा एक अनुसंधान प्रभाग बनाया गया है;

8. **कौशल मांग संबंधी अध्ययन**: विनिर्माण क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की कौशल आवश्यकता के आकलन और पूर्वानुमान पर गत वर्ष अगस्त से एक अध्ययन शुरू किया गया था। विनिर्माण क्षेत्र के सात खंडों पर विचार किया गया और लगभग 100 प्रतिष्ठानों के प्राथमिक उद्यम स्तर के सर्वेक्षण से विश्लेषण, विभिन्न उद्योग संघों और माध्यमिक आंकड़ों के साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर अध्ययन संबंधी एक मसौदा रिपोर्ट तैयार की गई है। वर्तमान में संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और क्षेत्र कौशल परिषदों के साथ इसे अंतिम रूप देने के लिए विचार-विमर्श किया जा रहा है और विचार-विमर्श पूरा होने के बाद इसे यथासमय अंतिम रूप दिया जाएगा।

9. **आईटीआई परीक्षाएं**: आईटीआई में लागू की जा रही शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम के तहत इसके लिए आवेदन करने वाले लगभग 15 लाख पात्र प्रशिक्षुओं के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन किया गया।

10. **कुंभ मेले में कौशल प्रदर्शनी**: मंत्रालय ने कुंभ मेले में एक प्रदर्शनी स्टाल स्थापित किया था, जहां कौशल के विभिन्न अवसरों और कौशल के लिए व्यापार के अवसरों पर प्रकाश डाला गया।

11. **एनसीवीईटी के पदों को भरना**: डीओपीटी के दिनांक 23.03.2021 के आदेश संख्या 7/9/2019-ईओ (एसएम-II) भाग-2 के माध्यम से सूचित मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के अनुमोदन के अनुसरण में डॉ निर्मलजीत सिंह कलसी ने राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया और डॉ नीना पाहुजा तथा डॉ विनीता अग्रवाल ने 16 अप्रैल, 2021 से एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य का कार्यभार ग्रहण किया। उनकी यह नियुक्ति प्रारम्भिक तौर पर

कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो के लिए है।

12. **समावेशी प्रशिक्षण के लिए मैनुअल**: डीजीटी, एमएसडीई और विदेशी, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ), यूनाइटेड किंगडम सरकार के सहयोग और केपीएमजी के समर्थन के साथ, दिव्यांग लोगों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण सुलभ कराने के लिए समावेशी अभ्यास हेतु मार्गदर्शन मैनुअल/चेकलिस्ट तैयार की गई है। इस मैनुअल में समावेशन, विकलांगता और विकलांगता शिष्टाचार का परिचय शामिल है। यह नियमावली प्रशिक्षण संगठनों को दिव्यांग प्रशिक्षुओं के लिए पूरी तरह से समावेशी और समान प्रशिक्षण वातावरण बनने की तैयारी में मार्गदर्शन करेगी।

13. **आज़ादी का अमृत महोत्सव**: आजादी के अमृत महोत्सव के लिए विस्तृत कैलेंडर तैयार किया गया है और इसी के आधार पर गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है। मंत्रालय की सभी वेबसाइटों पर पहले कदम के रूप में ब्रांडिंग की गई।

14. **आईटीआई में ऑनलाइन शिक्षण**: सीओपीए जॉब रोल के लिए मिश्रित सामग्री एनएफ- नैसकॉम द्वारा विकसित की गई है और इसे भारत स्किल्स से जुड़े निमी पोर्टल पर अपलोड किया गया है। 64 अधिकारियों के बैच के लिए माइक्रोसॉफ्ट-नैसकॉम द्वारा उन्नत एक्सेल पर दूसरा कार्यक्रम 8 अप्रैल से 17 अप्रैल 2021 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। क्वेस्ट-सिस्को-एक्सेंचर एमओयू को कौशल कौशल इकोसिस्टम में उनके सहयोग की मापनीयता और स्थिरता के लिए 13 जून 2024 तक 4 और वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया।

****